पूर्व छात्रा एसोसिएशन रिपोर्ट 2016-17

महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एसोसिएशन द्वारा 11 फरवरी 2017 को वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में एसोसिएशन की गतिविधियों और उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और उसके बाद कोषाध्यक्ष, सुश्री पापोरी कुँवर ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। महाविद्यालय की ड्रामेटिक्स सोसाइटी अभिव्यक्ति ने हिंदी भाषा को अनदेखा किए जाने की विषय-वस्तु पर आधारित और हिंदी भाषा के महत्त्व पर प्रकाश डालने पर नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर इंडियन डांस सोसाइटी द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इस मिलन समारोह के अतिरिक्त पूर्व छात्रा एसोसिएशन के सदस्यों ने हिंदू कॉलेज द्वारा 25 फरवरी 2016 को इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित चौथे टाइटंस कप चैलेंज में भाग लिया। वादविवाद प्रतियोगिता का विषय था ''राइज़ ऑफ पॉपुलिज़्म : अ पासिंग फेज़ : नॉट एन एनड्योरिंग रिएलिटी''। इस प्रतियोगिता में सुश्री निधि वर्मा और सुश्री देवीना गुप्ता ने भाग लिया।

यह उपाध्यक्ष, डॉ. नलिनी डेका के लिए जून 2017 में उनकी सेवानिवृत्ति से पूर्व, पूर्व छात्राओं का अंतिम मिलन समारोह था। पूर्व छात्रा एसोसिएशन द्वारा डॉ. नलिनी डेका को स्टोल से सम्मानित किया गया।

डॉ. मनस्विनी एम. योगी को उपाध्यक्ष चुना गया।

पूर्व छात्रा एसोसिएशन द्वारा प्रति वर्ष छह छात्राओं को अपना अध्ययन जारी रखने के लिए योग्यता सह आवश्यकता पर आधारित छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं। इस वर्ष भी छह छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं। डॉ. नलिनी डेका और डॉ. उदया एम. योगी द्वारा दो छात्रवृत्तियाँ व्यक्तिगत आधार पर प्रदान की गईं।